पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री</u>
<u>30 जनवरी को राजभवन में कुष्ठ पीड़ितों को निर्वहन भत्ता वितरित किया जायेगा</u>

लखनऊ: 2 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर नववर्ष की बधाई दी।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 30 जनवरी को राजभवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें कुष्ठ पीड़ितों को निर्वहन भत्ता की राशि प्रदान की जायेगी। राज्यपाल के सुझाव पर मुख्यमंत्री ने कुष्ठ पीड़ितों का निर्वहन भत्ता रूपये 2,500 प्रतिमाह कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के साथ विश्व कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से आगामी विधान मण्डल सत्र के बारे में चर्चा की तथा विधान परिषद के सदस्यों का नामांकन किये जाने व राजभवन में विचाराधीन विधेयकों पर भी वार्ता की।